झारखण्ड सरकार

जल संसाधन विभाग।

सं॰सं॰–8 / ज॰ सं॰(नि॰)ग्रा॰–08–10 / 2014:– / राँची, दिनांक–

## संकल्प

चूँकि झारखण्ड राज्यपाल को यह विश्वास करने का कारण है कि श्री सिद्धनाथ शर्मा, सेवा निवृत कनीय अभियंता ने जबकि वे कनीय अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा के पद पर पदस्थापित थे, घोर अनियमितता, कदाचार, अनुशासनहीनता बरती है जैसा कि अनुबंध में अन्तर्विष्ट आरोपों में उल्लेख है।

अतएव झारखण्ड राज्यपाल ने यह संकल्प लिया है कि उक्त श्री सिद्धनाथ शर्मा, सेवा निवृत कनीय अभियंता के विरूद्ध विनिर्दिष्ट आरोपों के लिए पेंशन नियमावली के नियम 43 B के अन्तर्गत विहित रीति से कार्यवाही की जाय।

2– श्री सिद्धनाथ शर्मा से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने बचाव के संबंध में लिखित बयान श्री शिवानन्द राय, अधीक्षण अभियंता, बांध एवं गेट रूपांकण अंचल–1 रांची के समक्ष इस संकल्प प्राप्ति के दो सप्ताह के अन्दर प्रस्तुत करें, जिन्हें इसके द्वारा इस कार्यवाही के संचालन के लिए जॉच पदाधिकारी नियुक्त किया जाता है ।

3– उक्त विभागीय कार्यवाही में संचालन पदाधिकारी को सहयोग प्रदान करने के लिए कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया जाता है।

4– प्रस्ताव पर अपर मुख्य सचिव की सहमति प्राप्त कर ली गयी है ।

आदेशः– आदेश दिया जाता है कि संकल्प की एक प्रति अनुबंध की प्रति के साथः–

श्री शिवानन्द राय, अधीक्षण अभियंता, बांध एवं गेट रूपांकण अंचल– 1, रांची।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।

श्री सिद्धनाथ शर्मा, से॰ नि॰ कनीय अभियंता, लघु वितरणी, प्रमण्डल सं॰– 09, घाटशिला, शिविर गालूडीह को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दी जाय।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से

ह0 / –

(बिन्दु माधव प्रसाद सिंह)

सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक– /राँची, दिनांक –

प्रतिलिपि–अनुबंध की प्रति के साथ श्री शिवानन्द राय, अधीक्षण अभियंता, बांध एवं गेट रूपांकण अंचल– 1, रांची/कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा/ श्री सिद्धनाथ शर्मा, सेवा निवृत कनीय अभियंता, लघु वितरणी, प्रमण्डल सं०– 09, घाटशिला, शिविर गालूडीह को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रेषित।

2–जाँच पदाधिकारी से अनुरोध है कि वे इस कार्यवाही का निष्पादन अधिक से अधिक दो माह के अन्दर सम्पन्न कर अपना जाँच प्रतिवेदन तीन प्रतियों में सरकार को समर्पित करेगें साथ ही साथ कार्यवाही की अद्यतन स्थिति से अवगत कराते रहेगें एवं कार्यवाही अभिलेख की एक प्रति भी भेजा जाय।

3– प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी कृपया जाँच पदाधिकारी से सम्पर्क स्थापित कर उनका निदेश प्राप्त करें।

4– आरोपित पदाधिकारी यदि इस संबंध में कोई अभिलेख /कागजात देखना चाहते हैं तो अधोहस्ताक्षरी एवं क्षेत्रीय कार्यालयों से व्यक्तिगत सम्पर्क कर देख लें और हर स्थिति में अपना लिखित बयान निर्धारित अवधि के अन्दर कर दें अन्यथा बिलम्ब की सारी जिम्मेवारी उनकी होगी।

अनु०–यथोक्त।

ह0/–
(बिन्दु माधव प्रसाद सिंह)
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक– 145 / राँची, दिनांक – 9-1-15

प्रतिलिपि– संयुक्त सचिव (प्र०), जल संसाधन विभाग, झारखण्ड, रांची/ वेब मैनेजर, जल संसाधन विभाग, झारखण्ड रांची/ कार्यपालक अभियंता, लघु वितरणी प्रमण्डल सं०– 09, घाटशिला, शिविर गालूडीह को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

6.1.15

(बिन्दु माधव प्रसाद सिंह)
सरकार के उप सचिव।